राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी में छात्राओं को मिली स्मार्ट बोर्ड की ट्रेनिंग

राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी में आई0क्यू0ए0सी0 सेल द्वारा आज दिनांक 18 अक्टूबर, 2024 को आयोजित एक दिवसीय संगोश्ठी में छात्राओं को स्मार्ट बोर्ड का संचालन करने की ट्रेनिंग दी गई। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत महिला व बाल विकास विभाग चम्पावत के सहयोग से संचालित है। कार्यक्रम में प्रशिक्षक राखी गुप्ता के साथ-साथ के.आई.टी.एम कालेज के बीएससी आईटी और बीसीए के अंतिम सेमेस्टर के छात्र निखिल धौनी, शिवम बिष्ट और राहुल चौसाली ने भी अपना योगदान दिया। छात्रों को स्मार्ट बोर्ड को ऑन करने, नेट से जोड़ने, विभिन्न टूल्स का उपयोग करने, ऑनलाइन पढ़ने, कंप्यूटर और मोबाइल को स्मार्ट बोर्ड से जोड़ने, व्हाइट बोर्ड का प्रयोग करने और ऑफिस सॉफ्टवेयर के उपयोग जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण के माध्यम से छात्राएं आधुनिक तकनीक से रूबरू हुईं और उन्हें डिजिटल दुनिया में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ0 डी0के0गुप्ता ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्राओं के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर डॉ0 अर्चना वर्मा, डॉ0 संजय कुमार, डॉ0 रंजना सिंह, डॉ0 पुष्पा, डॉ0 अतुल कुमार मिश्र, डॉ0 संजय कुमार गंगवार भी उपस्थित रहे। श्री दशरथ बोहरा, श्री महेश लाल व श्री दिनेश रावत ने सहयोग किया।